कार्यालय तहसीलदार तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म0प्र0)

क्रमांक/406/तह./2017 दिनांक 29.08.2017

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग राजेन्द्रग्राम

विषयः— **माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणानुसार बम्हनी से केशवानी एवं बोदा से लखौरा मार्ग का मौका पंचनामा प्रदाय करने बावत्।**

संदर्भः— अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.विभाग उप संभाग राजेन्द्रग्राम के पत्र अनुसार।

—00—

विषयांकित संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणानुसार बम्हनी से केशवानी एवं बोदा से लखौरा मार्ग का संबंधित हल्का पटवारी द्वारा स्थल जांच कराया जाकर संबंधित हल्का पटवारी द्वारा मौका पंचनामा, नजरी नक्शा एवं खसरा तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त बम्हनी से केशवानी मार्ग एवं बोदा से लखौरा पूर्व से कच्चा मार्ग बना हुआ है जिसमें वन राजस्व भूमि प्रभावित नहीं होती है।

अस्तु अग्रिम कार्यवाही श्रीमान की ओर सादर प्रेषित

तहसीलदार
पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर म0प्र0

क्रमांक/406/तह./2017 दिनांक 29.08.2017

प्रतिलिपिः—

1 अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ की ओर सूचनार्थ।

sd/—
तहसीलदार
पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर म0प्र0

# कार्यालय उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.)

क्रमांक / ज.पं. / पुष्पराजगढ़, दिनांक –

## अनापत्ति प्रमाण–पत्र

लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल व्दारा नाबार्ड योजनान्तर्गत स्वीकृत बोदा से लखौरा मार्ग लं. 12.00 कि.मी. का उन्नयन / निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं जिसमें अनूपपुर जिले में वन मण्डल अनूपपुर के अंतर्गत आने वाले आरक्षित / संरक्षित वन भूमि कक्ष क्रं. आर.एफ. 153, 154, 155, 156 एवं पी.एफ. 164, 132 रकवा 7.35 हेक्टे. में प्रभावित हो रहा है । जिनके अंतर्गत लखौरा, जीलंग, छींदपानी, खुर्सी, बोदा ग्राम जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ मे सम्मिलित हैं ।

इन ग्राम पंचायतों से वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत् (वनाधिकारों की मान्यता) ग्राम सभा का आयोजन किया जाकर ग्राम सभाओं से सहमति प्रदान की गई है । उक्त ग्राम पंचायतों की ग्राम सभा से पारित प्रस्ताव अनुसार उपखण्ड स्तर पर उक्त ग्रामों में वनाधिकार सभी दावों / आवेदनों / निस्तार का विनिश्चय कर लिया गया है । उक्त ग्रामों में वनाधिकार के दावे विनिश्चय हेतु लंबित नहीं है । उक्त ग्रामों की प्रश्नाधीन भूमियों के व्यपवर्तन पर उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति को कोई आपत्ति नहीं है ।

अतः उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति पुष्पराजगढ़ उपरोक्तानुसार प्रस्ताव पारित करती है। यह प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला वन स्तरीय के समक्ष प्रेषित है ।

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | सचिव | सदस्य |
| उपखण्ड वनाधिकार समिति | उपखण्ड वनाधिकार समिति | उपखण्ड वनाधिकार समिति |
| जिला अनूपपुर | पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर | पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर |